>

Title: Need to ensure proper utilization of funds under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme in Uttar Pradesh particularly in Sultanpur Parliamentary Constituency.

डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को जिस तरह से उत्तर प्रदेश में चलाई जा रही है उसमें अनियमितताएं फैली हुई हैं। इस योजना के अंतर्गत हर साल गरीब परिवार के व्यक्ति को 100 दिन का रोजगार मिलना चाहिए, परंतु उत्तर प्रदेश में केवल 14 प्रतिशत गरीब परिवारों को ही इस योजना से रोजगार मिल रहा है। मजदूरी नियमानुसार नहीं दी जा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानुपुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के क्रियान्वयन पर काफी अपव्यय हो रहा है और उससे जो काम होना चाहिए, नहीं हो रहा है।

सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश में मनरेगा में हुए कार्यों की समीक्षा की जाए और अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाए, जिससे भारत सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब तबके को मिल सके।